सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत

सागर-शाहगढ़ मार्ग पर तिंसी गांव के समीप हुआ हादसा, मोटर साइकिल पर सवार थे युवक

नवभारत न्यूज

सागर 18 जुलाई. बंडा थाना अंतर्गत तिंसी गांव में देर रात सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई.

पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हादसे में धनप्रसाद अहिरवार 20 वर्ष पिता हाकम अहिरवार, आर्यन आठिया 19 वर्ष पिता सुखलाल आठिया तथा रोहित लोधी 20 वर्ष पिता राजेंद्र लोधी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. तीनों युवक ग्राम बेई, थाना बंडा के निवासी थे और देर रात किसी कार्य से मोटरसाइकिल पर निकले थे. तिंसी गांव के पास उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया.घटना की जानकारी मिलते ही बंडा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची. पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शवों को अपने कब्जे में लिया तथा पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया. पुलिस ने दुर्घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य भी जुटाए हैं और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ हो सकता है या फिर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से यह दुर्घटना हुई है. हालांकि, पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के बाद ही चल सकेगा.

फिलहाल मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है. बंडा थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जाएगा. यदि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर की पुष्टि होती है तो उसके चालक की तलाश कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य संभावित साक्ष्यों की भी जांच कर रही है.

कुल्हाड़ी मारकर पति ने की पत्नी की हत्या

सागर. जैसीनगर थाना अंतर्गत कृषि उपज मंडी के समीप स्थित एक मकान में पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी और फरार हो गया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंडी निवासी मनोहर सेन और पत्नी रश्मि सेन उम्र 35 वर्ष की बीती रात नशे की हालत में कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी. पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में ले लिया है. पुलिस के अनुसार दंपत्ति के तीन बच्चे है जो अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहते है. शव का आज पोस्टमार्टम कराया गया और पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. जिसके पश्चात दाह संस्कार कराया गया है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है.

सार्थक ऐप में संशोधन को लेकर ज्ञापन

बंडा शाहगढ़ के सचिव और रोजगार सहायकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

बंडा18 जुलाई. ग्राम पंचायत स्तर पर लागू किए गए सार्थक मोबाइल ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था में संशोधन की मांग को लेकर बंडा एवं शाहगढ़ ब्लॉक के पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों ने विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार को ज्ञापन सौंपा गया.

ज्ञापन में बताया गया कि मध्य प्रदेश में केवल सागर जिले में ही सार्थक ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था लागू की गई है. सचिव एवं रोजगार सहायकों का कार्य पूर्णत: फील्ड आधारित है. उन्होंने कहा कि सुबह 8 बजे से ही निर्माण कार्यों का निरीक्षण, पंचायत दर्पण अपडेट, जियो-टैगिंग, एमएमएस मॉनिटरिंग एवं अन्य शासकीय योजनाओं का कार्य करना पड़ता है. एक निश्चित स्थान और समय पर ऐप पर उपस्थिति दर्ज कराने की बाध्यता के कारण फील्ड कार्य प्रभावित हो रहा है. साथ ही प्रशिक्षण, बैठक, तहसील, जनपद, जिला पंचायत, बैंक, थाना एवं अन्य शासकीय कार्यालयों में जाने के दौरान भी उपस्थिति दर्ज कराना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं हो पा रहा है. सचिवों एवं रोजगार सहायकों ने मांग की कि सार्थक ऐप की उपस्थिति व्यवस्था में व्यावहारिक संशोधन किया जाए, जिससे शासन की योजनाओं का कार्य समय पर पूर्ण हो सके और फील्ड कार्य प्रभावित न हो. इस अवसर पर बंडा एवं शाहगढ़ ब्लॉक के बड़ी संख्या में सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे.

जेल प्रशिक्षण केंद्र में वृक्षारोपण

नवभारत न्यूज

सागर 18 जुलाई. सांसद डॉ. लता वानखेड़े एवं विधायक शैलेन्द्र जैन ने केंद्रीय जेल पहुंचकर जेल प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में अशोक का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने जेल अधिकारियों, कर्मचारियों तथा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षणरत 91 प्रशिक्षु प्रहरियों के साथ वृक्षारोपण किया. इस दौरान सांसद एवं विधायक ने जेल प्रशिक्षण केन्द्र तथा वीर मधुकर शाह खुली जेल का अवलोकन किया. उन्होंने खुली जेल में रह रहे बंदियों से चर्चा की.

क्षत्रिय महासभा बैठक

सागर. क्षत्रिय महासभा का प्रतिनिधि मंडल शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा के लोकार्पण कार्यक्रम में आमंत्रित करने मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से भेंट करेगा. यह निर्णय रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में लिया. बैठक में गढ़पहरा महोत्सव आयोजित करने तथा किले में संस्थापक गढ़पहरा के शासक राजा ऊदनशाह की प्रतिमा लगाने सहित अनेक रचनात्मक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए. बैठक के पश्चात महासभा के सभी वरिष्ठ संरक्षक मंडल सदस्यों ने अध्यक्ष के साथ सिटी स्टेडियम के सामने स्थित प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया.

बेतरतीब वाहन खड़े करने से हो रही परेशानी

नवभारत न्यूज

रहली 18 जुलाई. नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई है. नगर की किसी भी क्षेत्र की सड़क में बेतरतीब खड़े दोनों तरफ के वाहन यातायात को बाधित करते हैं.

बस स्टैंड नगर पालिका के सामने गांधी मूर्ति चौराहा सागर जबलपुर रोड एवं बस स्टैंड से गांधी चौक बाजार एवं अटा नदी रोड पर दोनों ओर बड़े वाहन तथा बाइक खड़ी होने से वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है. वही आवारा जानवर और वाहनों के कारण पैदल चलने वालों को भी मुश्किल पड़ती है और दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहता है. पुलिस इस व्यवस्था को बनाने में नाकाम साबित हो रही है. इस संबंध में शांति समिति बैठक में यह मुद्दा उठाने पर थाना प्रभारी ने बताया था कि व्यवस्था बनाने का प्रयास किया था, कुछ चालान भी काटे थे लेकिन फिर बड़े लोगों के फोन आने पर कार्यवाही स्थित करनी पड़ती है. आमजन ने कहना है कि एक अभियान चलाकर इसे स्थानीय लोगों के प्रयास से ही हल किया जा सकता है.

सामुदायिक भवन लोकार्पित

नवभारत न्यूज

सागर 18 जुलाई. नगर पालिका परिषद मकरोनिया क्षेत्र अंतर्गत रजाखेड़ी में लगभग 49.64 लाख रुपये की लागत से निर्मित डॉ. भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया.

विधायक प्रदीप लारिया कहा यह सामुदायिक भवन क्षेत्रवासियों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा. इस अवसर पर नगर पालिका परिषद मकरोनिया अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, स्थानीय पार्षद मुकेश पटेल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे.

एक नजर में

स्थापना दिवस पर गौर समाधि पर पुष्पार्चन

सागर. डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने विवि के संस्थापक डॉक्टर हरीसिंह गौर की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की. इस दौरान कुलसचिव डॉ. एसपी उपाध्याय, प्रो. चंदा बेन, प्रो. डीके नेमा, प्रो. केके एन. शर्मा, प्रो. अजीत जायसवाल, प्रो. नागेन्द्र दुबे, प्रो. यूके पाटिल, प्रो. ऋतू यादव, प्रो. ममता पटेल, प्रो. अस्मिता गजभिये, प्रो. रणवीर कुमार, प्रो. रत्नेश दास, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. मोहन टी. ए., सहायक कुलसचिव आरके पाल, सहायक कुलसचिव दीपक शाक्या, सहायक कुलसचिव आशीष तिवारी, डॉ. राकेश सोनी, राहुल गिरी गोस्वामी, सुहेल कुरैशी मौजूद थे.

मूंडरी ग्राम में किया गया पौधारोपण

राहतगढ़. अलायंस क्लब सागर सम्राट द्वारा ग्राम मूंडरी में फलदार एवं औषधीय आम, जामुन, बेल, कटहल आदि पौधों का रोपण किया गया. डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम के जैन, इंटरनेशनल डायरेक्टरडॉ शैलेंद्र सिंह की उपस्थिति में सम्राट क्लब अध्यक्ष इंजी रंधीर सिंह राजपूत, इंजी रमेश सैनी,राजेंद्र सुरेलिया,सम्राट कोषाध्यक्ष इंजी आनंद तिवारी, लखन पटेल, अशोक वर्मा, अलाय पटेल आदि सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया गया,सभी सदस्यों एवं ग्राम वासियों ने सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु अपने-अपने विचार रखे.

गुरुजन महोत्सव की तैयारियां

नवभारत न्यूज

सागर 18 जुलाई. गुरु भक्ति, सेवा और आध्यात्मिक चेतना के महापर्व गुरुपूजन महोत्सव को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं.

जानकारी के अनुसार 23 जुलाई प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक होने वाले आयोजन को लेकर भंडारा दोपहर 12 बजे से शुरू होगा. इस महोत्सव का आयोजन अजब श्री सेवा समिति अजब धाम एवं मलूक पीठ परिवार, जिला दमोह एवं सागर द्वारा किया जा रहा है. आयोजन समिति प्रमुख प्रमोद उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक प्रवचन, गुरु पूजन, भजन-कीर्तन एवं गुरु दीक्षा जैसे विशेष आयोजन भी होंगे. उन्होंने कहा कि संत राजेंद्रदास देवाचार्य ,महंत श्री राम अनुग्रह दास छोटे सरकार सहित अनेक ख्यातिनाम संतों का स्वागत होगा. आयोजकों के अनुसार संत श्री के स्वागत की शुरुआत ग्राम सानोंधा से होगी. वहां से श्रद्धालुओं का स्वागत कारवां बहेरिया, मकरोनिया, सिविल लाइन, तहसीली सहित विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए आयोजन स्थल तिली रोड स्थित होटल रॉयल पैलेस किला कोठी पहुंचेगा. इस दौरान अनेक स्थानों पर संत श्री की आरती और पूजन करेंगे.

भंडारे में शामिल हुए

सागर. सदर स्थित खेर माई माता मंदिर की पारंपरिक रथयात्रा के उपरांत आयोजित भंडारे में महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी एवं भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट रिशांक तिवारी ने श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर सेवा भाव से प्रसाद वितरण किया. इस अवसर पर महापौर श्रीमती तिवारी ने कहा कि, धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त करने के साथ-साथ समाज में सेवा और सद्भाव की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं. भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट श्री तिवारी ने कहा कि खेर माई मातारानी की रथयात्रा और भंडारे से जुड़े सेवा कार्य समस्त हिंदू समाज को एकजुट करने का माध्यम हैं.

नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

सागर 18 जुलाई. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग एवं पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय के तत्वावधान में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा पटेल, एसपी (पीटीएस), प्रो. डीके नेमा, प्रो. मनविंदर सिंह पाहवा, निरीक्षक अफरोज खान, निरीक्षक प्रियंका बोरासिया तथा सूबेदार मनीष निवेरिया की उपस्थिति में डॉ. हरीसिंह गौर को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया.

मुख्य अतिथि श्रीमती पटेल ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए गंभीर चुनौती है तथा इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं. इस अवसर पर निरीक्षक अफरोज खान ने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों, उनके सामाजिक परिणामों तथा उनसे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान की. वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. डी. के. नेमा ने युवाओं में नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक चेतना के विकास पर बल दिया. समन्वयक प्रो. मनविंदर सिंह पाहवा ने स्वागत उद्बोधन दिया. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई. संचालन शोधार्थी प्रज्ञा सिंह एवं सुलेखा चौरसिया द्वारा किया गया.

कचरा प्रबंधन भी एक सामाजिक परिवर्तन

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ

नवभारत न्यूज

सागर 18 जुलाई. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम विषय पर कार्यशाला का आयोजन ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट भोपाल की ओर से हुआ.

कार्यशाला को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि स्वच्छ, व्यवस्थित एवं पर्यावरण-अनुकूल शहर के निर्माण के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का प्रभावी पालन और जनसहभागिता दोनों अनिवार्य हैं. उन्होंने सभी से अपने स्तर पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया. नगरीय प्रशासन एवं विकास, सागर संभाग के संयुक्त संचालक आरपी नायक ने कहा कि कचरा प्रबंधन भी एक सामाजिक परिवर्तन है, जिसमें कुछ समय लगता है. पहले एक ही जगह कचरा इकट्ठा किया जाता था. बाद में वर्ष 2016 के नियमों के अनुरूप गीला, सूखा और सेनेटरी अपशिष्ट हेतु तीन बिन्स में संग्रहीत किया जाने लगा, परंतु फिर भी कुछ कमियां महसूस की जा रही थी. केन्द्रीय प्रशिक्षक श्रीमती केतना मटकर द्वारा प्रकाश डाला गया.

संस्थान सलाहकार डी.पी. तिवारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया. इस अवसर पर के.आर. शर्मा क्षेत्रीय संचालक, भोपाल, एमआईसी सदस्य राजकुमार पटेल, एमआईसी सदस्य श्रीमती संगीता शैलेष जैन, एमआईसी सदस्य श्रीमती कंचन सोमेश जड़िया सहित नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति रही.

बीफार्मा अंतिम वर्ष का उत्कृष्ट परिणाम रहा

सागर. बीटीआईपीएस के बी. फार्मा फाइनल ईयर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम देते हुए संस्थान का नाम रोशन किया. आरजीपीव्ही द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में सोनम कुर्मी एवं राजेश अहिरवार ने प्रथम स्थान, कुलदीप विश्वकर्मा, मानसी मिश्रा, ओम श्रीवास, श्रृद्धा जैन, सीता रैकवार, सुरभि कुर्मी एवं यशवंत दांगी ने द्वितीय स्थान, दीप्ति कुर्मी, सिद्धि जैन ने तृतीय स्थान हासिल किया. उल्लेखनीय है कि इनमें से अधिकांश विद्यार्थियों का महाविद्यालय में प्लेसमेंट प्रक्रिया से भारत की श्रेष्ठ दवा कंपनियों में चयन हुआ हो गया है. प्रबंधन और समस्त शिक्षकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की है कि ये सभी देश के स्वास्थ्य एवं फार्मेसी क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए नये आयाम कायम करेंगें.

नशे से दूरी जागरुकता रैली

नवभारत न्यूज

सागर 18 जुलाई. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0 के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई.

अभियान अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में नशामुक्ति शपथ ग्रहण समारोह एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सभी ने नशे से दूर रहने तथा समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली. कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. इमराना सिद्दीकी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विनय कुमार शर्मा, डॉ. संगीता मुखर्जी, डॉ. प्रतिभा जैन, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश प्रताप सिंह एवं डॉ. प्रज्ञा दुबे, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. दयाराम राजपूत, डॉ. रेनू सोलंकी, डॉ. अभिलाषा जैन, डॉ. संदीप सबलोक, डॉ. शैलेन्द्र राजपूत, डॉ. भानुप्रिया, श्रीमती कीर्ति रैकवार उपस्थित रहे. कार्यक्रम में रासेयो स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स विद्यार्थियों ने विभिन्न जागरूकता गतिविधियों आयोजित की गई.

मुनि संघ का प्रवेश नवागढ़ मंदिर में वर्षाकालीन चातुर्मास के लिए मुनि संघ की कमेटी द्वारा अगवानी

सच्चे धर्म की पहचान संयम-सेवा और संस्कार : मुनिश्री मंगलानंद

नवभारत न्यूज

ललितपुर 18 जुलाई.अतिशय क्षेत्र नवागढ़स्थित भगवान श्री अरनाथ स्वामी के अतिशय सम्पन्न एवं विश्व के एकमात्र दिव्य दरबार में मुनिश्री मंगलानंदसागर महाराज एवं मुनिश्री मंगलसागर महाराज का चातुर्मास हेतु मंगलमय प्रवेश संपन्न हुआ.

मुनि संघ के मंगल प्रवेश का आयोजन बाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठाचार्य जय कुमार निशांत के निर्देशन, नवागढ़ अतिशय क्षेत्र समिति तथा नवागढ़ गुरुकुलम् ट्रस्ट के तत्त्वावधान में सम्पन्न हुआ. मुनि संघ की अगवानी में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई. मंगल प्रवेश पर समस्त ग्रामवासी, क्षेत्रवासी एवं दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही. घर-घर आकर्षक रंगोलियाँ सजाई गई तथा महिलाओं ने मंगल कलश लेकर मुनि संघ का स्वागत किया. प्रचारमंत्री डॉ. सुनील संचय ने बताया कि विद्यार्थियों ने मुनि संघ का स्वागत किया. कार्यक्रम में ब्रह्मचारी जय निशांत भैया ने नवागढ़ क्षेत्र का परिचय कराया. सुनील वेद ने गुरुदेव के श्रीचरणों में गुरुभक्ति व्यक्त की. मुनिश्री मंगलानंद सागर महाराज ने कहा कि यदि हमें भगवान श्रीराम जैसा आदर्श जीवन जीना है तो उनके समान आदर्श कर्म भी करने होंगे. मुनिश्री मंगल सागर महाराज ने कहा कि सच्चा धर्म वही है जो व्यक्ति के जीवन में संस्कार, संयम और सेवा की भावना जागृत करें. समारोह में थानाध्यक्ष सोजना सुधाकर पांडे, रामनारायण यादव,संतोष यादव, निर्मल घुवारा, अतिशय क्षेत्र समिति एवं नवागढ़ गुरुकुलम् ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद थे.

दो दिन बाद फिर बेपटरी हुईं अस्पताल की व्यवस्थाएं

समय पर नहीं पहुंची पर्ची काटने वाली, पलंगों पर चादर नहीं थे

खुरई. एक बार फिर अस्पताल में जारी अव्यवस्थाओं की पोल उस समय खुल गयी जब रोगी कल्याण समिति की रसीद काटने की ड्यूटी में तैनात कर्मचारी समय पर अस्पताल नहीं पहुंची. लगातार दो दिन व्यवस्थाओं में सुधार के पश्चात उसी पटरी पर गाड़ी को दौड़ते देखा गया जिस पटरी पर अव्यवस्थाएं चल रही थी.

ओपीडी में ड्यूटी वाली कुर्सियां खाली पड़ी रहकर एक दूसरे पर रखी हुई थी. देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे अस्पताल प्रबंधन ने कसम खा ली है कि चाहे जो हो जाए हम जारी अव्यवस्थाओं में सुधार नहीं करेगे. सबूत भी है कि हम सुधरने वालों में से नहीं है क्योंकि मरीजों के बेडो पर चादर जानबूझकर नहीं बिछाए जा रहे हैं. शनिवार के दिन भी मरीजों के पलंग पर से चादर नदारद थे.

बीएमओ की बढ़ रही बैचैनी- जारी अनियमितताओं के विरुद्ध आवाज बुलंद करने पर बीएमओ की बैचेनी बढ़ रही है, वह चाहते हैं कि जो भी अस्पताल में रेलम, पेल चल रहा है उसकी खबरें मीडिया वाले प्रकाशित न करे और न ही अस्पताल आने,जाने का कष्ट करें. शायद यह कांग्रेस शासन काल में जारी इमरजेंसी की याद दिलाना चाहते हैं मीडिया वालों को, जब मीडिया को सत्यता के प्रकाशन पर प्रताड़ित किया गया था, मगर बीएमओ भूल जाते हैं कि यह मोदी काल है इंदिरा काल नहीं.